


# पद्मभूषण पं. सूर्यनारायण व्यास के नाम पर होगा महाकाल-हरसिद्धि मार्ग

- पुत्र ने स्वेच्छा से दी भारती भवन की 10 फीट जमीन
- प्रतिमा के आसपास सौन्दर्यकरण करेगा विकास प्राधिकरण

**नवभारत न्यूज**

**उज्जैन. सिंहस्थ-2028 की तैयारियों के बीच महाकाल मंदिर से हरसिद्धि मंदिर तक प्रस्तावित सड़क चौड़ीकरण ने एक बार फिर पद्मभूषण पंडित सूर्यनारायण व्यास के ऐतिहासिक आवास को चर्चा के केंद्र में ला दिया है. खास बात यह है कि जहां चौड़ीकरण में तीन मकान सबसे बड़ी बाधा बने हुए थे, वहीं पं. सूर्यनारायण व्यास के पुत्र राजशेखर व्यास ने शहर हित को सर्वोपरि मानते हुए अपने ऐतिहासिक भारती भवन की लगभग 10 फीट जमीन स्वेच्छा से प्रशासन को देने की सहमति देकर एक मिसाल पेश की है.**




महाकाल मंदिर से हरसिद्धि मंदिर तक जाने वाले मार्ग का नाम पद्मभूषण पं. सूर्यनारायण व्यास मार्ग रखा जाए. इस संबंध में नगर निगम में प्रस्ताव लाने की तैयारी चल रही है. बताया जा रहा है कि सिंहस्थ मेला प्रशासन, संभागायुक्त आशीष सिंह, कलेक्टर रोशन कुमार सिंह, महाकाल मंदिर प्रशासक प्रथम कौशिक, विकास प्राधिकरण, वीर भारत न्यास तथा मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव तक यह प्रस्ताव पहुंच चुका है. पंडित राजशेखर व्यास की भोपाल में मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव से संबंध को लेकर भेंट हुई.

**बगैर मुआवजा दी जमीन :** सड़क चौड़ीकरण के दौरान भारती भवन की बाउंड्री वॉल तथा वह हिस्सा भी प्रभावित होगा, जहां पं. सूर्यनारायण व्यास की प्रतिमा स्थापित है. इसके बावजूद राजशेखर व्यास ने किसी प्रकार के मुआवजे की अपेक्षा किए बिना विकास कार्यों में सहयोग देने का निर्णय लिया है, जिसकी शहरभर में सराहना हो रही है.

**दो मकान और बाधक बने** :उधर, चौड़ीकरण में अभी भी दो संपत्तियां बाधा बनी हुई हैं. बड़े गणेश मंदिर के समीप स्थित पं. आनंदशंकर व्यास का भवन कानूनी प्रक्रिया में उलझा हुआ है, जबकि परचुरे भवन का मामला भी लंबित है. बताया जाता है कि परचुरे भवन के स्वामी गणेश परचुरे एक करोड़ रुपये का मुआवजा स्वीकार नहीं कर रहे हैं और मंदिर क्षेत्र में ही वैकल्पिक भवन की मांग पर अड़े हैं. इन दोनों मामलों के कारण सड़क चौड़ीकरण का कार्य पूरी गति नहीं पकड़ पा रहा है.

### भारती भवन में रुकते थे फ्रीडम फाइटर

वर्ष 2004 और 2016 के सिंहस्थ में भी पं. व्यास परिवार ने विकास कार्यों के लिए अपनी भूमि उपलब्ध कराई थी. अब सिंहस्थ-2028 में भी परिवार ने वही परंपरा निभाई है. उल्लेखनीय है कि महाकाल मंदिर परिसर स्थित यह आवास केवल एक मकान नहीं, बल्कि स्वतंत्रता आंदोलन, सांस्कृतिक पुनर्जागरण और उज्जैन के गौरवशाली इतिहास का साक्षी रहा है. कहा जाता है कि स्वतंत्रता संग्राम के दौरान अनेक क्रांतिकारी यहां पं. सूर्यनारायण व्यास से परामर्श लेने आते थे और यह स्थान अंग्रेजों की नजरों से बचने के लिए भी महत्वपूर्ण केंद्र रहा.



## एक नजर में

### भाजपा आईटी विभाग के जिला संयोजक बने मुकेश गांधी

**उज्जैन।** भारतीय जनता पार्टी जिला उज्जैन ग्रामीण द्वारा संगठनात्मक नियुक्तियों के अंतर्गत आईटी विभाग के जिला संयोजक पद पर श्री मुकेश गांधी की नियुक्ति की गई है। जिलाध्यक्ष राजेश धाकड़ द्वारा जारी नियुक्ति पत्र में बताया गया है कि प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल के निर्देशानुसार तथा संगठन के वरिष्ठ पदाधिकारियों की सहमति से यह नियुक्ति की गई है। संगठन ने गांधी से पार्टी की नीतियों, विचारधारा एवं डिजिटल माध्यमों के प्रभावी प्रचार-प्रसार के साथ संगठन को और अधिक मजबूत करने की अपेक्षा व्यक्त की है। नियुक्ति के बाद भाजपा कार्यकर्ताओं एवं शुभचिंतकों ने मुकेश गांधी को बधाई देते हुए उनके सफल कार्यकाल की शुभकामनाएं दीं। गांधी ने पार्टी नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे संगठन द्वारा सौंपी गई जिम्मेदारी का पूर्ण निष्ठा, समर्पण एवं सक्रियता के साथ निर्वहन करेंगे तथा आईटी विभाग को और अधिक सशक्त बनाने के लिए निरंतर कार्य करेंगे।



### झारड़ा पुलिस ने गौवंश तस्कर को किया गिरफ्तार



**महिदपुर।** थाना झारड़ा पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर कार्रवाई करते हुए गौवंश तस्करी के एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से घटना में प्रयुक्त करीब 11 लाख रुपये कीमत की दो पिकअप गाड़ियां जब्त कर 7 गौवंश (केड़े) को सुरक्षित मुक्त कराया। पुलिस के अनुसार आरोपी संजय उर्फ संजू बंजारा (26 वर्ष) निवासी नवादा, थाना उन्हेल, जिला उज्जैन को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी के विरुद्ध पशु क्रूरता निवारण अधिनियम एवं मध्यप्रदेश गौवंश वध प्रतिषेध अधिनियम की विभिन्न धाराओं में प्रकरण दर्ज किया गया है। प्रारंभिक जांच में आरोपी के विरुद्ध उज्जैन एवं अन्य जिलों में गौवंश तस्करी के 5 से अधिक प्रकरण दर्ज होना सामने आया है। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक प्रदीप शर्मा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) करणदीप सिंह, एसडीओपी ज़ेंडेन लिंगज़ेरपा के मार्गदर्शन एवं थाना प्रभारी सुरेंद्र सिंह गरवाल के नेतृत्व में की गई।

### गोवर्धनधाम उद्यान के विकास के लिए दिए 11 हजार रुपए

**उज्जैन।** समाजसेवी और साहित्यकार अशोक भाटी ने अपने पिता स्व. गोपीकृष्ण भाटी की स्मृति में गोवर्धनधाम उद्यान के विकास कार्यों के लिए 11 हजार रुपए की सहयोग राशि दी है। यह राशि लायंस क्लब उज्जैन अवंतिका के संयोजन में गोवर्धनधाम रहवासी कल्याण समिति को प्रदान की गई। क्लब अध्यक्ष शशांक दुबे ने यह राशि सोसायटी के अध्यक्ष ओमकार पाल और पर्यावरण प्रेमी व उद्यान प्रभारी प्रकाश चित्तौड़ा को सौंपी। इस दौरान उद्यान के विकास और सौंदर्यीकरण कार्यों में निरंतर सहयोग का विश्वास दिलाया गया। कार्यक्रम में लायंस क्लब अवंतिका के सचिव पंकज भटनागर, वरिष्ठ सदस्य अनिल गोयल, गोविंद गोयल, बीके खंडेलवाल, गुलशन नाटाणी, रवि श्रीमाली और कपिल गुप्ता मौजूद रहे। इसके साथ ही समिति के तुलसीराम शर्मा, प्रतिमा जोशी, सुरेश मोढ, गोपाल बलवानी, उमेश गुप्ता, एपी श्रीवास्तव, श्याम माहेश्वरी, रवि गुप्ता, वीरेंद्र गुप्ता, बीके सोनी, दिनेश विजयवर्गीय, विक्रम विवेक और जेठानंद सहित कई पर्यावरण प्रेमी उपस्थित थे।

### छात्र-छात्राओं को बांटी शिक्षण सामग्री

**उज्जैन।** सांप्रदायिक सौहार्द के प्रतीक और क्रांतिकारी पत्रकार शहीद गणेश शंकर विद्यार्थी की स्मृति में विचार गोष्ठी तथा सामग्री वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। सर सैयद अहमद वेलफेयर सोसायटी द्वारा आगर रोड अहमदनगर स्थित माहेनूर हॉल में आयोजित इस कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं को स्कूल बैग, कॉपी-किताब और पेन वितरित किए गए। अध्यक्षता करते हुए शिक्षाविद् सादिक मंसूरी ने कहा कि गणेश शंकर विद्यार्थी ने सांप्रदायिक सौहार्द और मानवता की रक्षा करते हुए कानपुर दंगों में हजारों लोगों की जान बचाई और अपने प्राणों की आहुति दे दी। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने भी कहा था कि विद्यार्थी का बलिदान देश की एकता और अखंडता में सीमेंट का काम करेगा। मुख्य अतिथि व समाजसेवी सैयद उस्मान हसन ने कहा कि वे एक निर्भीक पत्रकार, लेखक और महान व्यक्तित्व के धनी थे। देश उनके बलिदान को कभी नहीं भुला पाएगा। सोसायटी के अध्यक्ष पंकज जायसवाल और संरक्षक सैयद आबिद अली मीर ने बताया कि विशेष अतिथि के रूप में अधिवक्ता समीर खान, शाकिर शेख, फैजान खान, गंगाधर महा, अनुदीप गंगवार, आजम खान, शरीफ खान और नासिर मंसूरी ने भी शहीद विद्यार्थी का स्मरण कर उनके व्यक्तित्व पर प्रकाश डाला। संचालन इकबाल उस्मानी ने किया तथा आभार सोसायटी अध्यक्ष पंकज जायसवाल ने माना। इस अवसर पर अभिषेक सिसोदिया और हारून खान सहित शहर के कई प्रबुद्ध नागरिक उपस्थित थे। जानकारी चेतन ठक्कर और सैयद आशिक अली ने दी।

### देवास-उज्जैन-फतेहाबाद होते हुए जैसलमेर तक चले इंदौर-जोधपुर ट्रेन

**उज्जैन।** इंदौर-जोधपुर ट्रेन को वाया देवास-उज्जैन-फतेहाबाद होते हुए जैसलमेर तक चलाने की मांग उठी है। इसे लेकर उज्जैन पुष्करणा ब्राह्मण समाज के नेतृत्व में शहर के विभिन्न राजस्थानी समाजजनों ने सांसद अनिल फिरोजिया से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा। सांसद ने इस मांग को उचित बताते हुए शीघ्र कार्य करवाने का आश्वासन दिया है। पुष्करणा ब्राह्मण समाज के आनंद पुरोहित ने बताया कि उज्जैन में लगभग 5 हजार राजस्थानी परिवार निवास करते हैं। इनका अधिकांश बार रामदेवरा, पोकरण, फलोदी और जैसलमेर आवागमन होता रहता है। यात्रियों की सुविधा को देखते हुए इस ट्रेन को जोधपुर से जैसलमेर तक विस्तारित करने का आग्रह किया गया है। ज्ञापन सौंपने के दौरान पुष्करणा ब्राह्मण समाज के सत्यनारायण व्यास, जुगल केवलिया, सुनील व्यास, विजय केवलिया, अरुण केवलिया, भगवान पुरोहित, आनंद व्यास और अभिलाष व्यास उपस्थित थे। इस मांग पत्र पर मारवाड़ी माहेश्वरी समाज से भरत माहेश्वरी व राजेश पालोड, नागर ब्राह्मण परिषद व हाटकेश्वर न्यास से लव मेहता व संतोष जोशी, अ.भा. बैरवा महासभा से सुरेंद्र मरमट, मारवाड़ी स्वर्णकार समाज से अरविंद वर्मा और मालवांचल रेल यात्रा विकास परिषद के प्रतिनिधियों ने भी हस्ताक्षर कर समर्थन दिया है।

## नारायणा धाम पहुंच मार्ग की हो चुकी है दुर्गति

**महिदपुर।** लाखाखेड़ी से महिदपुर तक 4 किलोमीटर की सड़क पूरी तरह गड्ढों में तब्दील हो चुकी है। जिम्मेदारों ने लोगों को भगवान भरोसे छोड़ दिया है। 3 साल से यह रोड मरम्मत की राह देख रहा है। किंतु इस रोड की मरम्मत की स्वीकृति शासन द्वारा मिलने के पश्चात भी ठेकेदार द्वारा आज तक काम शुरू नहीं किया गया। लाखा खेड़ी से महिदपुर तक 4 किलोमीटर की सड़क में जगह-जगह गड्ढे हो रहे हैं जिससे वाहन चालकों के साथ ही छात्र और छात्राओं को भी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। साथ ही दुर्घटना का भय भी हमेशा बना रहता है। खराब दुर्घटना के कारण एक स्कूल बस अपने खराब फिटनेस के कारण कुछ दिन पहले लाखाखेड़ी में पलट गई थी। यह रोड महिदपुर सिटी से उज्जैन तक पहुंचाने का सीधा एवं आसान मार्ग है। साथ ही इसी मार्ग पर भगवान श्री कृष्ण सुदामा का प्राचीन मंदिर स्थित है जिस पर भक्तों को आना-जाना लगा रहता है और जन्माष्टमी महापर्व पर यहां लाखों की भीड़ होती है।



महिदपुर से उज्जैन तक ग्राम महू में, ग्राम बालोदा में, ग्राम कालूखेड़ा में तीन पुलिया के अप्रोच भी 3 साल में आज तक जोड़े नहीं गए इस कारण बारिश में कई बार चालक और वाहन दुर्घटना ग्रस्त चुकी है। प्रशासन द्वारा इस रोड की अनदेखी की जा रही है इसको लेकर जन जागरूकता मंच द्वारा 14 जुलाई मंगलवार को लाखाखेड़ी से महिदपुर एसडीएम कार्यालय तक पैदल मार्च कर ज्ञापन सौंपा जाएगा साथ ही लोक निर्माण विभाग अनुविभागीय अधिकारी को गुलाब का पुष्प भी भेंट करेंगे। प्रातः 9 बजे लाखाखेड़ी से पैदल मार्च शुरू होगा मार्ग में जगह-जगह गड्ढों में पौधारोपण करते हुए करीब 11 बजे तहसील कार्यालय पहुंचेगा। यह मार्च पूर्णतः शांतिपूर्ण और गैर राजनीतिक होगा।

## गुरुद्वारा सुख सागर में वाहेगुरु जाप लिखन भगती लहर, 50 बच्चों ने लिया भाग

**उज्जैन।** फ्रीगंज स्थित गुरुद्वारा सुख सागर में धन-धन बाबा दीप सिंह एजुकेशनल ट्रस्ट अमृतसर साहिब द्वारा वाहेगुरु जाप लिखन भगती लहर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित इस कार्यक्रम के तहत शहर के लगभग 50 बच्चों ने रजिस्ट्रेशन कराया और उत्साह से भाग लिया। अमृतसर से आए ट्रस्ट के मुखी भाई जगप्रीत सिंह और भाई जसपाल सिंह ने अतिथियों के साथ बच्चों को पुरस्कृत किया। उज्जैन प्रभारी बीबा अमृत कौर मुछाल ने बताया कि प्रतियोगिता में उम्र के अनुसार तीन ग्रुप बनाकर सिलेबस दिया गया था। कार्यक्रम में सभी बच्चों को प्रोत्साहन पुरस्कार दिए गए। लकी ड्रॉ के माध्यम से गुरनेक सिंह, प्रियांश मलिक और नैंसी कौर मुछाल को चांदी के मेडल से नवाजा गया। इसके साथ ही, गुरप्रीत सिंह दुआ और मुछाल परिवार के सहयोग से प्रतियोगिता में भाग लेने वाले हर परिवार को यूएसबी स्पीकर भेंट किए गए। इनमें सिमरन, नितनेम और संपूर्ण गुरु ग्रंथ साहिब की गुरबाणी सहित 300 घंटे का गुरमत खजाना मौजूद है। कार्यक्रम का आयोजन प्रबंधक चरणजीत सिंह कालरा, नीलम राजा कालरा, दलजीत सिंह गांधी और मनजीत सिंह डंग के सहयोग से किया गया। उज्जैन में कार्यक्रम की व्यवस्था बीबा अमृत कौर मुछाल और दिलप्रीत सिंह ने संभाली।

## क्षत्रिय मराठा समाज ने भगवान मल्हार की महाआरती कर जताया आभार

- सिंहस्थ-2028 में समाज की भूमि पर श्रद्धालुओं की सेवा-सुविधाओं की होगी व्यवस्था

**उज्जैन।** क्षत्रिय मराठा समाज द्वारा लंबे समय से समाज के कार्यक्रमों एवं सामाजिक गतिविधियों के लिए भूमि खरीदने का प्रयास किया जा रहा था। समाज के अध्यक्ष अनिल धर्मे एवं वरिष्ठजनों के सतत प्रयासों से तराना रोड स्थित ग्राम नहारिया में समाज के लिए भूमि क्रय की गई। इस उपलब्धि की खुशी में 24 खंभा, महाकाल घाटी स्थित श्री मल्हार मार्तंड मंदिर में भगवान मल्हार की महाआरती एवं महाप्रसादी वितरण का आयोजन किया गया।

समाज अध्यक्ष अनिल धर्मे के नेतृत्व में आयोजित महाआरती में समाजजनों ने भगवान मल्हार का आभार व्यक्त करते हुए नई भूमि पर समाज हित में निर्माण कार्य सफलतापूर्वक पूर्ण होने की प्रार्थना की। समाज के सचिव अनिल गावड़े ने बताया कि लंबे समय के प्रयासों के बाद समाज को अपनी भूमि प्राप्त हुई है, जिससे समाज में उत्साह का वातावरण है। अब समाज के धार्मिक, सामाजिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों के आयोजन के लिए स्थायी स्थान उपलब्ध हो सकेगा। समाज अध्यक्ष अनिल धर्मे ने कहा कि यह उपलब्धि भगवान मल्हार के आशीर्वाद और समाजजनों के सहयोग का परिणाम है। अब तक समाज को कार्यक्रमों के आयोजन के लिए स्थान की समस्या का सामना करना पड़ता था, लेकिन नई भूमि मिलने से यह परेशानी दूर हो जाएगी। सिंहस्थ-2028 को ध्यान में रखते हुए इस भूमि का विशेष महत्व है। उज्जैन आने वाले लाखों श्रद्धालुओं के लिए यहां ठहरने, विश्राम और आवश्यक सुविधाओं की व्यवस्था करने का समाज का उद्देश्य है, ताकि धर्म और सेवा की भावना के साथ श्रद्धालुओं की सहायता की जा सके। कार्यक्रम के अंत में समाज की भूमि खरीद में सहयोग करने वाले सभी समाजजनों एवं पदाधिकारियों का सम्मान एवं अभिनंदन किया गया।

इस मौके पर कोषाध्यक्ष राजेश खोयरे, उपाध्यक्ष अनीता शिन्दे, मुकेश शिंदे, सह सचिव प्रशांत शिन्दे, प्रवीण जाधव कार्यकारणी सदस्य रेखा कदम, ममता खोयरे, तेजस्विनी शिन्दे, सविता भोईटे, रणजीत राव सपकाले, अनिल खोकले, मधुकर राव यादव, यशवंत इंगले, राजेंद्र कुमकर, अजय शिन्दे, अंकित कदम, दिलीप जाधव, वरिष्ठ उपाध्यक्ष निधि जाधव, प्रति कदम, वरिष्ठ समाजजन पूर्व अध्यक्ष अशोक कदम, उमाकांत धर्मे, शरद शितोले, भास्कर राव जाधव, प्रतीक भूसेकर, अपूर्व धर्मे, पवन पवार उपस्थित थे।

## मीणा समाज ने लिया 201 पौधे रोपने का संकल्प

**उज्जैन। पर्यावरण संरक्षण के उद्देश्य से मध्य प्रदेश मीणा समाज सेवा संगठन की उज्जैन जिला इकाई ने जिले में 201 पौधे रोपने का संकल्प लिया है। इस वृक्षारोपण अभियान का शुभारंभ रविवार को मंगलनाथ मार्ग सांदीपनि आश्रम के समीप स्थित बगलामुखी मंदिर और पंडित चैतन्य महाराज के आश्रम परिसर में 51 पौधे रोपकर किया गया।**



संगठन के जिलाध्यक्ष योगेश मीणा और जिला युवा अध्यक्ष आशुतोष मीणा के नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम में बगलामुखी मंदिर के पीठाधीश व ज्योतिर्विद पं. चैतन्य श्याम नारायण व्यास, रतन सिंह चांदा, भाजपा नेता बालमुकुंद मीणा और सामाजिक न्याय विभाग के राजेश मीणा बतौर विशेष अतिथि उपस्थित थे। अतिथियों की मौजूदगी में समाजजनों ने पौधारोपण कर पर्यावरण सहेजने का संदेश दिया। जिलाध्यक्ष योगेश मीणा और युवा अध्यक्ष आशुतोष मीणा ने बताया कि 201 पौधों के रोपण का लक्ष्य पूरा होने तक संपूर्ण उज्जैन जिले में यह कार्यक्रम सतत जारी रहेगा।

**इनकी रही सहभागिता:** इस अवसर पर सतीश चांदा, कोषाध्यक्ष पंकज चांदा, प्रो. उत्तम मीणा, प्रो. डॉ. अंकित मीणा, संजय मीणा चक, जगदीश मीणा इंदौर गेट, दीपक मीणा नानाखेड़ा, मुकेश मीणा, मधुरम मीणा, रमेश मीणा, राहुल चांदा, मोहित मीणा, सोनू मीणा, बाबूलाल मीणा, अभिषेक जरेडा, महेश सत्तावन, दुर्गा शंकर मीणा, महेश मीणा और शिवांश मीणा सहित कई प्रकृति प्रेमी समाजजन उपस्थित रहे।

## दुग्ध समृद्धि संपर्क अभियान का तृतीय चरण आज से

**उज्जैन।** उप संचालक पशु पालन डॉ. के सिरवानी ने बताया कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा प्रदेश में दुग्ध उत्पादन को दोगुना करने का लक्ष्य पशुपालन एवं डेयरी विभाग को दिया गया है। इस महत्वाकांलक्ष्य की पूर्ति के लिए विभाग द्वारा संचालित गतिविधियों जैसे नस्ल सुधार, पशु स्वास्थ एवं पशु पोषण के बारे मे पशुपालाकों को जागरुक करने के लिए दुग्ध समृद्धि संपर्क अभियान 3 चलाया जाना है। अभियान का प्रथम चरण विगत 2.10.2025 से 9.10.2025 तक तथा द्वितीय चरण 17.12.2026 से 15.01.2026 के गध्य क्रियान्वित किया गया था। अभियान का तृतीय चरण दिनांक 13 जुलाई 2026 से 20 जुलाई तक क्रियान्वित किया जाएगा जिसमे 3 से 4 पशु (गौवंश एवं भैंस वंश) रखने वाले पशुपालकों से गृह भेंट कर व्यक्तिश संपर्क किया जायेगा। उज्जैन जिले के 1056 ग्रामों मे 14439 पशुपालकों से गृह भेंट का व्यापक लक्ष्य निर्धारित किया गया है। जिसके लिये 294 संपर्क अधिकारी (विभागीय व मैत्री कार्यकर्ता) तैनात किये गए हैं। उपसंचालक पशुपालन जिला उज्जैन द्वारा पशुपालकों से अपील की गई कि दुग्ध समृद्धि संपर्क अभियान 3 से जुडते हुए अधिकतम लाभ उठाने का प्रयास करें।

## मुनि प्रणीत सागर महाराज का मंगल प्रवेश, चातुर्मास सिखाएगा जीवन का लक्ष्य

**उज्जैन।** आचार्य विशुद्ध सागर महाराज के शिष्य मुनि प्रणीत सागर महाराज का चातुर्मास 2026 के लिए शहर में भव्य मंगल प्रवेश हुआ। सुबह 8 बजे पार्श्वनाथ दिगंबर जैन पंचायती मंदिर से शुरू हुआ चल समारोह प्रमुख मार्गों से होते हुए सेठी नगर-लक्ष्मी नगर स्थित शांतिनाथ दिगंबर जैन मंदिर पहुंचा। यहां धर्मसभा में मुनिने कहा कि यह चातुर्मास हमें सिखाएगा कि हमारा लक्ष्य क्या है और देव, शास्त्र, गुरु की आराधना कैसे करनी है। मैं भगवान आत्मा हूं और भविष्य का परमात्मा हूं। इस भगवान आत्मा को परमात्मा कैसे बनाएं, यही हमें सीखना है। यदि मनुष्य धर्म अनुष्ठान को साध्य रूप से स्वीकारता है, तो वहीं से उसके जीवन की सार्थकता है और वही परमात्मा बन सकता है। मंदिर



सचिव सुशील लुहाड़िया और समाज सचिव सचिन कासलीवाल ने बताया कि चल समारोह में सबसे आगे बच्चे घोड़े पर धर्म ध्वजा लेकर चल रहे थे। पीछे बैंड-बाजे और केसरिया वस्त्र धारण कर महिलाएं सिर पर कलश लिए चल रही थीं। मुनिके पीछे पुरुष वर्ग श्वेत वस्त्रों में जयकारे लगाते हुए चल रहा था। पूरे मार्ग में समाजजनों व उज्जैन उत्तर के विधायक अनिल जैन कालूखेड़ा ने जगह-जगह मुनि की आरती व पद प्रक्षालन किया।

शांतिनाथ मंदिर में दर्शन के बाद आयोजित धर्मसभा में शहर के सभी जैन मंदिरों के अध्यक्ष, सचिव व वरिष्ठजनों सहित बाहर से आए अतिथियों ने मुनि को श्रीफल समर्पित किया। पद प्रक्षालन कर उन्हें जिनवाणी भेंट की गई। इसके पश्चात प्रवचन और आहार चर्या संपन्न हुई।

**वर्षा योग समिति का हुआ गठन:** चातुर्मास के लिए वर्षा योग समिति का गठन किया गया है। इसमें मुख्य संयोजक मनोज जैन वकील, सह-संयोजक अशोक जैन व लोकेश छाबड़ा और कोषाध्यक्ष धवल डोशी को बनाया गया है। । चातुर्मास की कलश स्थापना के साथ ही अध्यक्ष, उपाध्यक्ष व अन्य पदाधिकारियों को कलश की श्रेणी के वितरण के अनुसार दायित्व सौंपे जाएंगे।

**भव्य रूप से मनेगी सामूहिक क्षमावाणी:** विधायक अनिल जैन कालूखेड़ा ने मुनि प्रणीत सागर महाराज के समक्ष कहा कि इस वर्ष शहर में सामूहिक क्षमावाणी भव्य रूप से मनाई जाएगी। इसमें संपूर्ण दिगंबर और श्वेतांबर समाज सम्मिलित होगा।

**एक नजर** — शपथ ग्रहण समारोह में नई कार्यकारिणी ने सेवा कार्यों को नई दिशा देने का संकल्प लिया

## शर्मा ने लायंस क्लब नागदा के 51वें अध्यक्ष के रूप में संभाली कमान

**नागदा।** सेवा एवं सामाजिक सरोकार के लिए समर्पित लायंस क्लब नागदा के नवीन सत्र 2026-27 का शुभारंभ शनिवार को भव्य शपथ ग्रहण समारोह के साथ हुआ। स्थानीय स्नेह कुंज गार्डन में आयोजित गरिमामय समारोह में एसएस शर्मा ने क्लब के 51वें अध्यक्ष के रूप में पद एवं गोपनीयता की शपथ ग्रहण कर नई जिम्मेदारी संभाली। उनके साथ घनश्याम राठी ने सचिव, मनोज सोनी ने कोषाध्यक्ष, राजेश इंद्र ने प्रथम उपाध्यक्ष, आरके यादव ने द्वितीय उपाध्यक्ष तथा सुनील त्रिवेदी ने तृतीय उपाध्यक्ष एवं अन्य पदाधिकारियोंपद की शपथ ली। शपथ विधि अधिकारी प्रवीण वशिष्ठ ने अपने प्रेरणादायी एवं प्रभावशाली अंदाज में नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को शपथ दिलाई। समारोह में विधायक डॉ. तेज बहादुर सिंह चौहान रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में राजेश धाकड़, डॉ. पंकज मारू, वीरेंद्र मालपानी तथा पूर्व विधायक दिलीप सिंह शेखावत मंचासीन थे।

शुभारंभ मेल्विन जॉन्स के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्जवलन के साथ हुआ। सभा प्रारंभ की घोषणा एनके मिश्रा ने की। ध्वज वंदना लियो सेजल शर्मा तथा विश्व शांति पाठ लियो आशिता शर्मा ने प्रस्तुत किया। शपथ के उपरांत प्रवीण वशिष्ठ ने नवनियुक्त अध्यक्ष एसएस शर्मा को वर्षभर सेवा कार्यों को पूर्ण ऊर्जा, जनसहयोग एवं सभी साथियों के समन्वय से आगे बढ़ाने का संकल्प दिलाया। मुख्य अतिथि डॉ. तेज बहादुर सिंह चौहान ने कहा कि लायंस क्लब सदैव समाजहित में अनुकरणीय कार्य करता रहा है। विशिष्ट अतिथि राजेश धाकड़ तथा दिलीप सिंह शेखावत ने भी क्लब की सेवा भावना की सराहना करते हुए नवगठित कार्यकारिणी को शुभकामनाएं दीं। मुख्य अतिथि का परिचय गुलजारीलाल त्रिवेदी ने कराया। नवनियुक्त अध्यक्ष शर्मा ने अपने सेवा संकल्प स्लोगन का अतिथियों के करकमलों से विमोचन कराया तथा आगामी वर्ष की विस्तृत कार्ययोजना प्रस्तुत करते हुए समाजहित में अनेक सेवा प्रकल्प संचालित करने का संकल्प व्यक्त किया। समारोह में नगर की विभिन्न सामाजिक एवं धार्मिक संस्थाओं के पदाधिकारियों ने अध्यक्ष शर्मा, घनश्याम राठी, मनोज सोनी सहित संपूर्ण कार्यकारिणी का पुष्पमालाओं एवं स्मृति चिन्हों से आत्मीय स्वागत किया। इस दौरान प्रवीण वशिष्ठ ने चार नवीन सदस्यों को भी लायंस क्लब की सदस्यता की शपथ दिलाई। कार्यक्रम में गोविंद मोहता, वीरेंद्र कटियार, सुशील ओझा, डॉ. प्रदीप रावल, लता अग्रवाल, कमलेश जायसवाल, डॉ. सौरभ सोलानिया, रवि शर्मा, राजेश इंद्र सहित बड़ी संख्या में सदस्य, नगर के गणमान्य नागरिक एवं मातृशक्ति उपस्थित रहे।

